Bhalla Dairy & Sweets
हमारे यहां पर दूध, दही, पनीर, मक्खन, क्रीम, शुद्ध देसी घी, स्पेशल खोया मिलता है
हमारे यहां पर शादी समारोह, पार्टी व अन्य कार्यक्रमों के लिए विशेष प्रबंध है
-- Manjeet Singh Bhalla --
नाहन हाउस, अंबाला शहर
98964-34646, 70822-72564

DUKHBHANJANI CHARITABLE POLYCLINIC
NAHAN HOUSE CHOWK, AMBALA CITY • (M) 9896466142
Monday, Wednesday, Friday 10:00 a.m. to 12:00 Noon

डॉ. निधि गुप्ता
Gynaecologist, MBBS DGO
Ex. Sr. Hinduja Hospital
Mumbai Diploma in Ultrasound,
Ex. Sr. Consultant Civil Hospital
Ambala City, Vast Clinical & Surgical Experience
SERVICES OFFERED
OBSTETRICS GYNAECOLOGY INFERTILITY CLINIC
FAMILY PLANNING SERVICES WELL WOMEN CLINIC ADOLESCENT CLINIC
MENOPAUSE CLINIC BREAST CLINIC
परामर्श हेतु सम्पर्क करें :
दुखभंजनी चैरीटेबल पोलीक्लीनिक नाहन हाऊस चौंक अम्बाला शहर, मो. 9896466142 सोमवार, बुधवार, शुक्रवार प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे
19/2-18/3

सिटी मीडिया के पेज नंबर 2 पर इसी साइज में बिग बाजार में 7500 रूपयें में मासिक विज्ञापन लगवाकर लाखों पाठको तक अपना संदेश पहुचांए। रेट कम करवाने वाले कृप्या क्षमा करें।
94165-33033

# शुक्रवार 3 अप्रैल हरियाणा में न सरकारी अवकाश और न सार्वजनिक अवकाश - हेमंत

## हालांकि गुड फ्राइडे के कारण केंद्र सरकार के कार्यालयों में रहेगी छुट्टी

**हेमंत ने यह भी बताया कि शुक्रवार 3 अप्रैल को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट चंडीगढ़ में तो गुड फ्राइडे के उपलक्ष्य में अवकाश रहेगा परन्तु हरियाणा प्रदेश की जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों (जुडिशल कोर्ट्स) में हालांकि कोई घोषित अवकाश या छुट्टी नहीं है**

अंबाला (सिटी मीडिया) कल 3 अप्रैल को ईसाई धर्म के पवित्र पर्व गुड फ्राइडे के उपलक्ष्य में हरियाणा राज्य में न तो घोषित गजटेड हॉलिडे है अर्थात राजपत्रित अवकाश नहीं है जिसे आम भाषा में सरकारी छुट्टी कहते है और न ही इस दिन प्रदेश में घोषित पब्लिक हॉलिडे अर्थात सार्वजनिक अवकाश भी नहीं है.शहर निवासी हाईकोर्ट एडवोकेट और प्रशासनिक मामलों के जानकार हेमंत कुमार (9416887788) ने इस बारे में आमजन को जानकारी देते हुए बताया कि चूँकि शुक्रवार 3 अप्रैल गुड फ्राइडे के दिन हरियाणा में गजटेड हॉलिडे ( सरकारी अवकाश) नहीं है इसलिए राजधानी चंडीगढ़ और प्रदेश भर में स्थित राज्य सरकार के सभी राजकीय कार्यालय, सरकारी बोर्ड, निगम, स्थानीय नगर निकाय कार्यालय (जैसे नगर निगम/परिषद/पालिका समिति आदि ) आदि जो-जो कार्यालय प्रदेश सरकार के अधीन आते है एवं इसके अलावा राज्य में स्थित सभी स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थान इत्यादि आम दिनों की तरह खुले रहेंगे. हालांकि हरियाणा सरकार द्वारा शुक्रवार 3 अप्रैल गुड फ्राइडे का दिन रिस्ट्रिक्टेड हॉलिडे (आर.एच.) अर्थात प्रतिबंधित अवकाश अवश्य है. हेमंत ने बताया कि प्रदेश सरकार में प्रतिबंधित अवकाश वह होता है जिस दिन प्रदेश सरकार के कार्यालय आदि तो खुले रहते हैं और आम दिनों की तरह वहां सामान्य कार्य होता है हालांकि उनमें कार्यरत कर्मचारी ऐसे दिन अपने उच्च अधिकारी से पहले से स्वीकृत कराने के बाद अवकाश (छुट्टी) ले सकते हैं. पूरे कैलेंडर वर्ष में हरियाणा सरकार द्वारा घोषित प्रतिबंधित अवकाश की सूची में से हर कर्मचारी कोई भी तीन अवकाश ले सकता है. कुछ वर्ष पहले हरियाणा सरकार में ऐसे प्रतिबंधित अवकाशों की संख्या हालांकि प्रत्येक कैलेंडर वर्ष में केवल दो ही होती थी. बहरहाल, चूँकि शुक्रवार 3 अप्रैल को हरियाणा में घोषित पब्लिक हॉलिडे अर्थात सार्वजनिक अवकाश भी नहीं है, जिसे नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट (कानून) , 1881 की धारा 25 के प्रावधान के अंतर्गत घोषित एवं अधिसूचित किया जाता है. अतः इस कारण 3 अप्रैल को प्रदेश भर में सभी प्रकार के बैंक (सरकारी और प्राइवेट दोनों) खुले रहेंगे. बहरहाल, शुक्रवार 3 अप्रैल को को केंद्र सरकार द्वारा घोषित सरकारी अवकाश है, इसलिए प्रदेश में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालय, बोर्ड-निगम आदि जैसे पोस्ट-ऑफिस (डाक-घर), इनकम झटैक्स, बी.एस.एन.एल. आदि के कार्यालयों में छुट्टी रहेगी.

# हिम्मतपुरा के अमन की मौत मामले में विज ने लाई डिटेक्टर टेस्ट के निर्देश दिए

अंबाला छावनी (सिटी मीडिया) अंबाला में हिम्मतपुरा निवासी अमन की संदिग्ध मौत का मामला अब और गंभीर होता जा रहा है। 23 मार्च को गांधी मैदान के पास नाले से शव मिलने के बाद से ही परिजन इसे सामान्य मौत मानने से इनकार कर रहे हैं। उनका आरोप है कि अमन की मौत पुलिस हिरासत में हुई, जिसे छिपाने की कोशिश की जा रही है। मामले में लगातार 12 दिन तक स्पष्ट कारण सामने न आने पर परिवार ने हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज से मुलाकात कर न्याय की मांग की। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मंत्री ने पुलिस को जांच तेज करने और जरूरत पड़ने पर लाई डिटेक्टर टेस्ट कराने के निर्देश दिए हैं। कैंट थाना प्रभारी लखवीर सिंह के अनुसार, जांच कई पहलुओं से की जा रही है और यदि सच सामने लाने के लिए लाई डिटेक्टर टेस्ट जरूरी हुआ, तो उसे भी कराया जाएगा। इससे पहले मामले में आरोपी पुलिस सब-इंस्पेक्टर मोहन लाल और एक संतरी को सस्पेंड किया जा चुका है, जबकि पुलिस टीमें उनसे लगातार पूछताछ कर रही हैं। इस बीच, अमन के परिवार का कहना है कि जब तक मौत की असली वजह सामने नहीं आती, वे न्याय के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

# ब्लैकमेल से परेशान होकर नन्हेडा के रौनक ने की आत्महत्या

अंबाला (सिटी मीडिया) अंबाला जिले में एक 19 वर्षीय युवक द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। परिजनों के आरोप के आधार पर पुलिस ने एक युवती सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान गांव नन्हेड़ा निवासी रौनक के रूप में हुई है, जो प्राइवेट नौकरी करता था। परिवार का आरोप है कि युवक को एक युवती द्वारा लगातार पैसों के लिए ब्लैकमेल किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि युवती ने युवक से पहले भी पैसे लिए थे और बाद में और रकम की मांग कर रही थी। परिजनों के अनुसार, घटना वाले दिन भी युवक के मोबाइल पर कॉल आई थी, जिसके बाद वह मानसिक रूप से परेशान हो गया। जब उसने पैसे देने में असमर्थता जताई, तो उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई। इस मानसिक दबाव के चलते युवक ने यह खौफनाक कदम उठा लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर संबंधित युवती, उसके पिता और माता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मोबाइल व नकदी छीनने के आरोपी रामनाथ व नीरज शिकायतकर्ता और मुख्य गवाह के मुकरने से बरी

अंबाला (सिटी मीडिया) अंबाला में छीनाझपटी के एक मामले में अदालत ने दोनों आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। वीरेंद्र मलिक की अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने में असफल रहा, इसलिए आरोपियों को संदेह का लाभ दिया जाता है। मामले में आरोपी राम नाथ उर्फ बबलू और नीरज कुमार पर मोबाइल फोन और नकदी छीनने का आरोप था। शिकायतकर्ता सुशील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 30 जुलाई 2023 की सुबह करीब 3:40 बजे संभलखा बस स्टॉप पर इंतजार करते समय बाइक सवार दो युवकों ने उनका मुंह दबाकर दो मोबाइल फोन और 25 हजार रुपये छीन लिए थे। हालांकि, कोर्ट में सुनवाई के दौरान मामला पलट गया। शिकायतकर्ता और मुख्य गवाह दोनों अपने पहले दिए गए बयानों से मुकर गए। सुशील कुमार ने अदालत में साफ कहा कि आरोपी वे लोग नहीं हैं जिन्होंने वारदात को अंजाम दिया था। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस पर सादे कागज पर हस्ताक्षर करवाने का आरोप भी लगाया।
गवाहों के मुकरने के चलते अभियोजन पक्ष के पास ठोस सबूत नहीं बच पाए,

आप भी अपने जन्मदिन व सालगिरह की फोटो सिटी मीडिया में निशुल्क प्रकाशित करवाएं।
94165-33033

## 3 युवक चोरी का लैपटॉप सहित गिरफ्तार

अंबाला (सिटी मीडिया) चोरी का लैपटॉप बेचने की फिराक में घूम रहे तीन युवकों को बलदेव नगर थाना पुलिस ने काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान सिटी के कबीर नगर निवासी जानू, रमन उर्फ पन्नी और अमन के रूप में हुई। आरोपी चोरी का लैपटॉप लेकर मिक्सी चौक की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मिक्सी चौक पर घेराबंदी कर काबू किया।

## नाम परिवर्तन

मैं अक्षिता सैनी पुत्री स्वरण सिंह सैनी निवासी 6848/4, रेलवे रोड़ अंबाला शहर सर्व साधारण को सूचित करती हूं कि मेरी लड़की Aanaya Saini के आधार कार्ड में उसके पिता का नाम कुलदीप सैनी दर्ज है अब यह नाम कुलदीप कुमार कर दिया गया है।

# चैत्र पूर्णिमा पर जानें हनुमान जन्मोत्सव का विशेष महत्व



चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जयंती का पर्व मनाया जाता है। यह त्योहार मुख्य रूप से दक्षिण भारत में आज 2 अप्रैल, गुरुवार के दिन मनाया जा रहा है। इसके अलावा, साल में एक बार और भी हनुमानजी का जन्मदिन मनाया जाता है।

**जिसे हनुमान जन्मोत्सव के नाम से जाना जाता है। हनुमान जयंती साल में दो बार मनाने के पीछे एक कथा छिपी हुई है। इसके मुख्य रूप से दो कारण बताए जाते हैं। चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को जो हनुमान जयंती पड़ती है उसे मुख्य** रूप से दक्षिण भारत में मनाया जाता है। मान्यता है की इसी दिन पवन पुत्र हनुमानजी को नया जीवन प्राप्त हुआ था। ऐसे में जीवन पाने के साथ अद्भुत शक्तियां प्राप्त करने के उपलक्ष्य में हनुमान जयंती का त्योहार मनाया जाता है। वहीं, कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी **तिथि को भी हनुमानजी का जन्मदिन मनाया जाता है। इस दिन उत्तर भारत के लोग हनुमान जन्मोत्सव का त्योहार मनाते हैं।**

**पंचांग के अनुसार, इस साल 7 नवंबर को सुबह 10 बजकर 49 मिनट** के बाद से चतुर्दशी तिथि लग जाएगी। ऐसे में उत्तर भारत के मतानुसार इसी दिन हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा।हनुमान का जन्मदिन दो बार मनाने के पीछे खास वजह बताई जाती है।

**एक हनुमान जयंती उनके जन्मदिवस के रूप में तो दूसरी विजय अभिनन्दन महोत्सव के रूप में मनाई जाती है। कथा के अनुसार, पवन पुत्र बजरंगबली बाल्यकाल से ही बहुत शक्तिशाली और ऊर्जा से भरपूर थे। एक दिन** हनुमानजी आकाश में चमकते हुए सूर्य को फल समझकर उसे खाने का प्रयास कर रहे थे। ऐसे में इंद्र उन्हें समझाने की कोशिश की, जब हनुमानजी नहीं माने तो इंद्रदेव ने क्रोधित होकर वज्र से उन पर प्रहार कर दिया। इसके चलते बजरंगबली की ठोड़ी धंस गई और वो मूर्छित हो गए। वायुदेव यह जानकर बहुत क्रोधित हुए और उन्होंने क्रोध में आकर वायु को रोक दिया। इससे हवा बंद हो गई और सभी जीव संकट में आ गए।

**पूरे ब्रह्मांड पर संकट आया तो सभी देवताओं के प्रार्थना करने के बाद ब्रह्माजी ने भगवान हनुमान को दूसरा जीवन दिया। सभी देवताओं ने उन्हें कई प्रकार शक्तियां भी दी थीं। मान्यता है की जिस दिन हनुमानजी को दूसरा जीवन प्राप्त हुआ था** उस दिन चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि थी। तभी से इस दिन को हनुमान जयंती के रूप में मनाया जाने लगा। इसके अलावा, पौराणिक कथाओं में बताया गया है की देवी सीता और भगवान राम ने बजरंगबली को चिरंजीवी होने का वरदान दिया था। इसी के चलते कार्तिक माह में भी हनुमान जयंती का त्योहार मनाया जाता है।

# ड्यूटी मजिस्ट्रेट की गाडी हादसे का शिकार, 3 लोग घायल

अंबाला (सिटी मीडिया) डडियाना रोड पर कल दो कारों में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक कार अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गई जबकि पंजाब नंबर की ड्यूटी मजिस्ट्रेट लिखी गाड़ी सड़क से उतर कर खेतों में जा गिरी। कार में एक ही परिवार के तीन लोग चोटिल हो गए।

घायलों की पहचान पंजाब के नवां शहर निवासी चंद्रवीर सिंह (27), पंचकूला के रायपुर निवासी परमजीत कौर (45) व नवजोत कौर (25) के रूप में हुई।
प्राथमिकी् उपचार के लिए उन्हें सिटी के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। हालांकि दूसरी कार में कोई घायल नहीं हुआ। अंबाला सदर थाने के प्रभारी शंभू लाल ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से उनकी पास लिखित में कोई शिकायत नहीं आई है। मामूली रूप से घायलों को अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी। उधर, अंबाला सिटी के जग्गी सिटी सेंटर के निकट भी एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी थी। गनीमत यह रही कि कार पलटी नहीं। उधर, हाईवे का यातायात पूरी तरह से प्रभावित हो गया था। इस मामले में पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली।

## फ्लिपकार्ट मिंट स्टोर में चोरी करने वाला योगेश्वर सिक्योरिटी गार्ड जेल भेजा

अंबाला (सिटी मीडिया) पुलिस ने सोनिया कालोनी के फ्लिपकार्ट मिंट स्टोर में चोरी करने के आरोपी सिक्योरिटी गार्ड योगेश्वर निवासी ताहरपुर, यमुनानगर को गिरफतार कर कोर्ट में पेश करने पर उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने सिक्योरिटी गार्ड के कब्जे से चोरी किए गए महंगे सैमसंग फोन और अन्य कीमती सामान बरामद किया है, जिसकी कुल कीमत लगभग 1,28,244 रुपये बताई जा रही है।

# निवेश के नाम पर नदी मोहल्ला के मनीष से 9.23 लाख ठगे

अंबाला (सिटी मीडिया) ठगों ने गतदिवस नदी मोहल्ला निवासी कपड़ा व्यापारी मनीष को शेयर बाजार में मुनाफे का लालच देकर ठगों ने 9.23 लाख रूपयें ठग लिए ।

ठगों ने खुद को सेबी रजिस्टर्ड कंपनी का प्रतिनिधि बताकर पीड़ित को विश्वास में लिया और अलग-अलग किस्तों में निवेश के नाम पर राशि हड़प ली। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कपड़े की दुकान चलाते हैं। 25 अप्रैल 2025 को उनके पास विनोद शाह नामक व्यक्ति का फोन आया। उसने अपनी कंपनी विजन रिसर्च एंड सॉल्यूशन को सेबी रजिस्टर्ड बताया। इसके बाद कामिनी, प्रीति जैन और मल्होत्रा नामक व्यक्तियों ने उनसे संपर्क किया और अलग-अलग एप

## सरकार ने 3 महीनें में 812 बीपीएल राशन कार्ड रद्द किए

अंबाला (सिटी मीडिया) अंबाला में बीपीएल राशन कार्डों की व्यापक जांच के दौरान बड़ी संख्या में अपात्र पाए गए लोगों के कार्ड रद्द कर दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा जनवरी से मार्च के बीच की गई समीक्षा में कुल 812 लाभार्थी नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए, जिसके चलते उनके राशन कार्ड काट दिए गए। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अनुसार, जांच के बाद अब जिले में कुल बीपीएल राशन कार्डों की संख्या घटकर 1,68,211 रह गई है, जबकि पहले यह आंकड़ा 1,69,023 था। अधिकारियों ने बताया कि परिवार पहचान पत्र के आधार पर आय, जमीन और वाहनों के रिकॉर्ड की जांच की गई,

## अवतार जनता स्वीटस की से नकदी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

अंबाला (सिटी मीडिया) गतदिवस शहर के सदर रोड स्थित अवतार जनता स्वीटस की दुकान में देर रात चोरी हो गई। अज्ञात युवक दुकान से लगभग 40 हजार रुपये नकद चुराकर फरार हो गया। घटना की शिकायत दुकान संचालक जोगीवाडा के मनजीत सिंह ने थाने में दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 28 वर्षीय आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। मनजीत नें बताया गया कि 31 मार्च 2026 की रात करीब 10 बजे दुकान बंद कर दी गई थी। अगले दिन सुबह लगभग 7 बजे जब दुकान खोली गई, तो अंदर का नजारा देख कर सभी हैरान रह गए।


MITTAL DENTAL GROUP
Best Dental Clinic in Ambala

SUPER SPECIALITY GROUP OF DENTAL CARE
Clinic -1 SEC-9, OPP. MAIN MARKET, A CITY
Clinic -2 BENGALI MOHALLA IN FRONT OF BHARAMAN DHARAMSALA, A/CANTT
Clinic -3 OLD ANAJ MANDI, NEAR POLICE POST-1, A/CITY
Dr.Mohit Kumar Mittal
Ex.Dental Surgeon PGI (Gold Medlist)
& IMPLANT SPECIAILIST 70154-41651
26/12-25/1
Experience of 20+ years n going on
Clinic -1 SEC-9, OPP. MAIN MARKET, A CITY
Experience of 20+ years n going on

# उपायुक्त ने रजिस्ट्रेशन क्लर्क व 3 कम्प्यूटर ऑप्रेटरों को सस्पेंड करने के निर्देश दिए

अंबाला छावनी (सिटी मीडिया) उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने लघु सचिवालय अम्बाला छावनी के एसडीएम कार्यालय के कुछ रिकार्ड में अनियमितताएं पाए जाने के मामले में मोटर व्हीकल रजिस्ट्रेशन क्लर्क व 3 कम्प्यूटर ऑप्रेटरों को सस्पेंड करने के निर्देश दिए है।

उपायुक्त ने 30 मार्च को लघु सचिवालय अम्बाला छावनी का औचक निरीक्षण किया था और इस निरीक्षण के दौरान अधिकतर कर्मचारी व अधिकारी अनुपस्थित पाए गए थे। निरीक्षण के दौरान यहां से कुछ रिकार्ड कब्जे में लिया गया था, जिसकी जांच करवाने उपरान्त उसमें अनियमितताएं पाई गई, जिसके बाद चार कर्मचारियों को सस्पेंड करने के निर्देश जारी किए है

उनमें मोटर व्हीकल रजिस्ट्रेशन क्लर्क मधु मनोचा व 3 कम्प्यूटर ऑप्रेटरों जिनमें आशीष कुमार, लखविन्द्र व ईशांत शामिल हैं। कंप्यूटर आप्रेटर व मोटर व्हीकल रजिस्ट्रेशन क्लर्क अनिल विज के पास पहुचें उन्हें अपनी पीडा भी बताई।

# अंबाला में एलपीजी गैस आपूर्ति सामान्य, ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

अंबाला (सिटी मीडिया) जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। संबंधित अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अंबाला में प्रतिदिन लगभग 8,500 से 9,000 घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई की जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है।

वहीं कमर्शियल गैस की बात करें तो जिले में रोजाना करीब 200 सिलेंडर उपलब्ध हो रहे हैं। इन सिलेंडरों की सप्लाई प्राथमिकता के आधार पर स्कूलों, अस्पतालों, हॉस्टलों के साथ-साथ शादी समारोह और भंडारों जैसे आयोजनों में की जा रही है, ताकि जरूरी सेवाएं प्रभावित न हों। अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार के निदेर्शानुसार सभी गैस उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपनी ई-केवाईसी नहीं करवाई है, उन्हें जल्द से जल्द यह प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भविष्य में गैस सप्लाई में किसी तरह की बाधा न आए। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अपने नजदीकी गैस एजेंसी पर जाकर या ऑनलाइन माध्यम से ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करें और सरकारी नियमों का पालन करें।

# कल का राशिफल

पं0 सहदेव व्यास 'कन्हैया'

मेषः जीवन में हर क्षेत्र में सुधार देखेंगे। आपके पास ऐसे कई अवसर आएंगे जिनके सहारे आप कठिन पश्रिम करने के लिए प्रेरित होंगे।
वृषः व्यवसायिक जीवन में आपको लाभ ही लाभ की प्राप्ति होगी। सामने शत्रु परास्त होते नजर आएंगे।
मिथुनःधार्मिक स्थान की यात्रा करने से आपके भाग्य में और निखार आ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि हो सकती है।
कर्कः निजी और व्यवसायिक जीवन में अच्छे और लाभकारी समय की शुरूआत है। परिस्थितियां आपके हित में रहेगी।
सिंहः तनावपूर्ण मुद्दे को सुलझने से खुद को बेहतर महसूस करेंगे और आपके जीवन में खुशियां आएगी।
कन्याः समस्याओं का समाधान होने से एक अपूर्ण वातावरण बना रहेगा। व्यक्तिगत एवं व्यवसायिक स्तरों पर अपना रूतवा व अपनी प्रसिद्धी पुनः प्राप्त कर लेंगें।
तुला:अपनी बुद्धिमता के लिए प्रशंसा का पात्र बनेंगे। धीरे-धीरे पाएंगे कि सब कुछ पहले जैसा ठीक हो रहा है।
वृश्चिकः कार्यस्थल पर हर काम तरीके से होता दिखाई देखा। इसी कारण से आपको अपने आस-पास सकारात्मक अनुभव दिखाई देगा।
धनुः जीवन में सुखद परिवर्तन का सिलसिला शुरू होगा। आपका अच्छा व्यतीत करेंगे। तनावपूर्ण वातावरण समाप्त होगा।
मकरःभौतिक सुखों का विस्तार होगा। घर में धार्मिक कार्य संपन्न होगे। पुराने मित्रों से भेंट होगी।
कुंभः नये दायित्वों की पूर्ति हेतु मन चिंतित रहेगा। अत्याधिक भागदौड़ रहेगी। प्रयासरत क्षेत्रों में मनोवांछित सफलता की अनुभूति होगी।
मीनः अधूरे पड़े कार्य इस सप्ताह पूर्ण हो जाएंगे। अधिक जोखिम उठाकर कोई कार्य न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# सरकारी टेंडर दिलाने के नाम पर सेक्टर-1 के वर्षल अरोड़ा से 50 लाख ठगे

अंबाला (सिटी मीडिया) गतदिवस पुलिस में शिकायत देते हुए सेक्टर-1 निवासी वर्षल अरोड़ा ने बताया कि उनके साथ सरकारी टेंडर दिलवाने के नाम पर 50 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। आरोपियों ने वर्षल को उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में पशु आहार के सरकारी टेंडर दिलाने के नाम झांसा दिया था।

वही पुलिस ने यह प्राथमिकी हरिद्वार के एक राजनीतिक व्यक्ति आदित्य नागर, उसकी पत्नी शर्मिला नागर, पंकज मिश्रा व अरिवल कुमार पर दर्ज की गई। वर्षल अरोड़ा ने बताया किअविरल गुर्जर उनके बेटे का दोस्त था। अविरल व उसकी मां मीनाक्षी ने वर्षल को विश्वास में लिया कि उनके मौसा आदित्य नागर हरिद्वार में एक बड़ी राजनीतिक पार्टी के जिलाध्यक्ष हैं और उनकी लखनऊ के सरकारी विभागों में पैठ है। आरोपियों ने यूपी व उत्तराखंड में करोड़ों के सरकारी ऑर्डर दिलाने का झांसा देकर पार्टनरशिप का ऑफर दिया।

मार्च से जुलाई 2025 के बीच आरोपियों ने इम्पैनलमेंट सर्टिफिकेट और ईएमडी राशि जमा कराने के नाम पर अलग-अलग किस्तों में करीब 34 लाख रुपये बैंक ट्रांसफर और 11 लाख रुपये नकद वसूले। इसके अलावा, आरोपियों ने करीब 5 लाख रुपये का पशु आहार भी अयोध्या भिजवा दिया, जिसका भुगतान नहीं किया गया।

# प्रदेश में राजस्व विभाग का नया वित्तीय सत्र शुरू, पुराने रेटों पर हुई 32 रजिस्ट्रियां

अंबाला (सिटी मीडिया) अंबाला शहर में नए वित्तीय सत्र की शुरूआत के साथ ही संपत्तियों के कलेक्टर रेट बढ़ा दिए गए हैं। हालांकि, पुराने टोकन जारी होने के कारण कल 32 रजिस्ट्रियां पुराने रेट पर ही की गईं, जिससे नए रेट तुरंत लागू नहीं हो सके।
राजस्व विभाग के अनुसार, जिन लोगों ने पहले से अपॉइंटमेंट ले रखी थी, उनकी रजिस्ट्री पुराने रेट पर ही पूरी की गई। वहीं, 1 अप्रैल के बाद जिन संपत्तियों की रजिस्ट्री होगी, उन पर नए कलेक्टर रेट लागू होंगे। अधिकारियों का कहना है कि अब कल से नई दरों पर रजिस्ट्रियों की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जिले में रिहायशी और व्यावसायिक दोनों तरह की संपत्तियों के रेट में बढ़ोतरी की गई है। प्रस्तावित दरों पर पहले आपत्तियां भी दर्ज कराई गई थीं, लेकिन अंततः संशोधित रेट लागू कर दिए गए। अंबाला तहसील में बुधवार को करीब 25 रजिस्ट्रियां पुरानी दरों पर हुई, जबकि अन्य तहसीलों में भी इसी तरह की स्थिति देखने को मिली।
नई दरों के अनुसार, कई प्रमुख इलाकों में जमीन के रेट में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। इससे रियल एस्टेट बाजार में हलचल बढ़ने की संभावना है और खरीदारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ सकता है।

# सेना में अग्निवीर स्कीम के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ी

अम्बाला (सिटी मीडिया) भारतीय सेना में अग्निवीर स्कीम के तहत वर्ष 2027 के लिए पंजीकरण 13 फरवरी 2026 से 01 अप्रैल 2026 तक खोला गया था। अब पंजीकरण की अंतिम तिथि 1 अप्रैल से बढ़ाकर 10 अप्रैल 2026 कर दी गई है।

हरियाणा के छः जिलों अम्बाला, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर, पंचकुला और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के पुरुष अभ्यार्थियों तथा दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल एवं चंडीगढ़ की महिला अभ्यार्थियों को सलाह दि जाती हैं कि जो अभ्यर्थी 01 अप्रैल 2026 तक पंजीकरण नहीं कर पाए हैं, वें अपना पंजीकरण 10 अप्रैल 2026 से पहले वेबसाइट पर जाकर पूरा करें तथा अंतिम तिथि का इंतजार ना करें । यदि किसी अभ्यर्थी को पंजीकरण करने में कोई समस्या परेशानी आती है तो वें भर्ती कार्यालय अंबाला में सुबह 10 बजे से दोपहर के 02 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

## गुमशुदा



मोहन नगर की 18 साल की शिवानी पिछले कई दिनों से लापता है जिस किसी को पता चले, इस नंबर पर संपर्क करे 97299-90122